कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.03.2024

विषयः- नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले मे 20,000/- रु0 का इनामिया वांछित अभियुक्त भोला उर्फ भोलानाथ सिंह थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-342/2023 धारा 376-D, 506 भा0द0वि0 व धारा 5J(2)/6, 5G/6 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित 20,000/- रु0 का पुस्कार घोषित वांछित अभियुक्त भोला उर्फ भोलानाथ सिंह पुत्र वासदेव सिंह निवासी अलीनगर थाना अलीनगर जिला चंदौली व हालपता बलुआ रोड लेढूपुर थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-28.03.2024 को समय करीब 11.05 बजे आशापुर क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-25.07.2023 को वादिनी मुकदमा(पीडिता की माँ) ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उनकी नाबालिग पुत्री उम्र 15 वर्ष को अभियुक्तगण मो0 वसीम उर्फ चिक पुत्र स्व0 दिल मोहम्मद, मो0 जमील उर्फ सोबराती व भोला पुत्र अज्ञात पैसा देने के बहाने अपने-अपने घर मे बुलाकर उनकी पुत्री से दुष्कर्म करते थे, जिससे उनकी पुत्री गर्भवती हो गयी, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह द्वारा संपादित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में 02 सहअभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

विवरण पूछताछ-अभियुक्त भोला उर्फ भोलानाथ सिंह ने पूछताछ करने पर बताया कि पिछले दिनों मैने अपने कुछ साथियो के साथ मिलकर एक लडकी के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके कारण वह गर्भवती हो गयी थी। उसी मामले मे हमारे ऊपर मुकदमा लिख गया था और गिरफ्तारी के डर से मै भाग गया था। आज मै अपना आधार लेने आया था कि आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

इनाम की राशि- 20,000/- रु0

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

भोला उर्फ भोलानाथ सिंह पुत्र वासदेव सिंह निवासी अलीनगर थाना अलीनगर जिला चंदौली व हालपता बलुआ रोड लेढ़ूपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र 55 वर्ष।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01. प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
02. उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
03. का0 सौरभ तिवारी थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।
04. हे0का0 दिलीप यादव थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।